

## बालों के साथ दीपिका पादुकोण लेना चाह रही थीं खूबसूरत सेल्फी

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अपनी शानदार एक्टिंग के लिए तो पहचानी ही जाती हैं, लेकिन उनकी अदाओं और खूबसूरती के भी लोग कायल हैं। वो सोशल मीडिया पर खूब ऐक्टिव रहती हैं और फोटोज शेयर कर फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। इस बार भी उन्होंने श्बालोंश के साथ एक खूबसूरत सेल्फी लेने की कोशिश की, लेकिन उनकी ये कोशिश नाकामयाब रही और उनका जो हाल हुआ, वो फोटो से साफ जाहिर हो रहा है। उनका ये मजेदार पोस्ट इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है और फैंस इस पर भर–भर के कमेंट कर रहे हैं। दरअसल, इस तस्वीर में दीपिका के चेहरे से ज्यादा उनके बाल दिखाई दे रहे हैं। इन बिखरे हुए बालों में भी वो बहुत प्यारी दिख रही हैं। उन्होंने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, श्बालों वाला चीजश करने की कोशिश कर रही थी, लेकिन बुरी तरह फेल हो गई। खबर लिखने जाने तक 50 मिनट में ही इस पोस्ट को साढ़े चार लाख से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है और पोस्ट पर कमेंट की बौछार हो गई है। किसी ने लिखा लवरी तो किसी ने उन्हें खूबसूरत बताया। दीपिका ने हाल ही में अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस खास मौके पर उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो स्ट्रॉन्ग मैसेज देती दिखाई दीं।

## भूमि पेडनेकर की नई फिल्म द लेडी किलर का ऐलान

ऐक्ट्रेस भूमि पेडनेकर की नई फिल्म का ऐलान हो चुका है। उनकी अपकमिंग फिल्म का नाम है द लेडी किलर। इस फिल्म में भूमि पेडनेकर बॉलिवुड अभिनेता अर्जुन कपूर के साथ नजर आएंगी। अर्जुन कपूर पहले ही श्द लेडी किलरश फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया पर कर चुके थे लेकिन अब तक फिल्म की लीड ऐक्ट्रेस के नाम का खुलासा नहीं हुआ था। ये पहला मौका होगा जब अर्जुन कपूर–भूमि पेडनेकर की जोड़ी पर्दे पर देखने को मिलेगी। बता दें हाल में ही अर्जुन कपूर को कोरोना हुआ था और वह फिलहाल सेल्फ क्वारंटाइन में हैं। भूमि पेडनेकर की द लेडी किलर फिल्म के बारे में बात करें तो ये एक थ्रिलर फिल्म है जिसे अजय बहल निर्देशित करने वाले हैं। फिल्म को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और शैलेष आर सिंह प्रड्यूस करेंगे। अजय बहल बॉलिवुड में अब तक सेक्शन 375 और बीए पास जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। द लेडी किलर के अलावा तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म ब्लर पर भी अजय बहल काम कर रहे हैं। वह इन इन दिनों तापसी पन्नू के प्रॉडक्शन हाउस में बनने वाली पहली फिल्म ब्लर के डायरेक्शन में बिजी हैं।

## अफसाना खान के मंगेतर पर महिला ने लगाया धोखे से तलाक देने का आरोप



बिग बॉस 15 में शमिता शेट्टी संग लड़ाई और टास्क के दौरान हिंसक बर्ताव के लिए शो से निकाली गईं अफसाना खान अब एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार सुर्खियों की वजह हैं उनके मंगेतर साज शर्मा। साज शर्मा पर छत्तीसगढ़ की एक महिला ने धोखे से तलाक देने का आरोप लगाया है। अफसाना खान ने बिग बॉस के घर में जाने से पहले साज शर्मा के साथ सगाई की थी और तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर कीं। अफसाना इस साल साज शर्मा से शादी करने वाली हैं और वह इसकी तैयारियों में बिजी हैं। लेकिन इसी बीच इस खबर ने उनकी जिंदगी में उथल–पुथल मचा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, छत्तीसगढ़ की रहने वाली अनुग्रह रंजन उर्फ अनु शर्मा नाम की महिला ने दावा किया है कि साज शर्मा ने उसे धोखे से तलाक दिया। दोनों की पहले शादी हो चुकी है, लेकिन साज ने उसे धोखा दिया। इस महिला ने मोहाली कोर्ट में एक याचिका दायर कर अफसाना खान और साज शर्मा की शादी रुकवाने की कोशिश की। महिला ने आरोप लगाया कि साज शर्मा ने उससे 6 सितंबर 2014 को शादी की थी। उन दोनों की एक बेटी भी है।

# सिंपल लाइफ जीते हैं राम अरुण गोविल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*आज भी जब रामानंद सागर के सीरियल रामायण की बात होती है तो जेहन में राम बने अरुण गोविल से लेकर सीता मैया बनीं दीपिका चिखलिया तक का चेहरा उभर आता है। इस सीरियल ने हर किरदार को अमर बना दिया था। अरुण गोविल को तो लोग असल जिंदगी में राम समझकर उनके पैर छूने लगते थे। आज उन्हीं राम यानी अरुण गोविल का बर्थडे थे। 12 जनवरी को अपना 63वां बर्थडे मना रहे अरुण गोविल ने कभी सोचा नहीं था कि वह ऐक्टिंग करेंगे और एक दिन लोग उन्हें श्भगवान रामश मान बैठेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि अरुण गोविल इंजिनियर बनना चाहते थे। उन्होंने मेरठ स्थित चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी से इंजनियरिंग की डिग्री भी ली थी।*

**भाई के बिजनस में मदद करने आए मुंबई**

12 जुलाई 1958 को मेरठ में जन्मे अरुण गोविल, भाई के बिजनस में मदद करने मुंबई आए थे। कॉलेज से ही ऐक्टिंग का चस्का था, पर कभी सोचा नहीं था कि ऐक्टिंग में करियर बनाएंगे। लेकिन जब मौका मिला तो अरुण गोविल ने मौका हाथ से नहीं जाने दिया। अरुण गोविल ने 1977 में फिल्म पहेली से बॉलिवुड में डेब्यू किया। कुछ और फिल्में कीं। साथ में टीवी सीरियल्स भी किए। पर जब रामानंद सागर ने रामायण में श्री राम का रोल ऑफर किया तो अरुण गोविल की जिंदगी ही बदल गई।

**बदल गई जिंदगी, मिलीं असली सीता और कर ली शादी**

फिल्मों और टीवी की दुनिया में काम करते–करते ही अरुण गोविल की शादी हो गई। उन्हें ऐक्ट्रेस श्रीलेखा से प्यार हो गया। श्रीलेखा ने 1966 में फिल्म श्हिम्मतवरश से डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके ऑपोजिट धर्मेंद्र थे। श्रीलेखा कुछ और फिल्मों में भी दिखीं। बताया जाता है कि फिल्मों में आने से पहले श्रीलेखा एक टेक्सटाइल डिजाइनर थीं।

**बेहद सिंपल लाइफ, स्वभाव से शांत**

अरुण गोविल रियल लाइफ में बिल्कुल वैसे ही हैं, जैसा उन्होंने स्क्रीन पर भगवान राम का किरदार निभाया था। इसका उदारण तब देखने को मिला जब उनकी वाइफ श्रीलेखा ने सवाल किया था कि क्या उन्होंने किसी दबाव में आकर शादी की है। एक इंटरव्यू में श्रीलेखा ने इसका जिक्र किया था। उन्होंने बताया कि अरुण गोविल असल जिंदगी में बेहद शांत स्वभाव के हैं और कम बोलते हैं। इसीलिए उन्होंने एक दिन उनसे सवाल पूछ लिया कि क्या उन्होंने किसी प्रेशर में शादी की है। श्रीलेखा के मुताबिक, तब तो अरुण गोविल ने कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन अगले दिन उन्हें एक कार्ड दिया, जिस पर लिखा था, अगर तुम मेरी खामोशी ही नहीं समझ सकतीं तो मुझे क्या समझोगी।




**दादा बन चुके हैं अरुण गोविल, बेटे की हो गई शादी**


अरुण गोविल और श्रीलेखा का एक बेटा अमल और बेटी सोनिका है। बेटे अमल की शादी हो चुकी है और अरुण गोविल दो बच्चों के दादा भी बन चुके हैं। वहीं सोनिका पढ़ाई करके नौकरी कर रही हैं। अरुण गोविल परिवार के साथ बेहद साधारण जिंदगी जीते हैं। सोशल मीडिया पर उनकी फैमिली और घर की कुछ तस्वीरें और वीडियो हैं, जो गाहे–बगाहे फैंस के बीच चर्चा में आ ही जाते हैं।

अरुण गोविल के बर्थडे पर उनकी भाभी और ऐक्ट्रेस तबस्सुम ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें ऐक्टर के परिवार के साथ–साथ घर के अंदर की झलक भी दिखी थी।

# सनी लियोनी ने बिकीनी पहन समुंदर में लगाया गोता

*सनी लियोनी इस समय मालदीव में वेकेशन मना रही हैं। कभी गहरे नीले समंदर में बोटिंग कर रही हैं तो कभी ढेर सारी शार्क के बेहद करीब बैठी हुई हैं। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सनी ने कुछ देर पहले जो फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की है, उसमें वो गहरे नीले समंदर में गोता लगा रही हैं। बिकीनी पहने सनी खुद किसी श्जलपरीश से कम नहीं लग रही हैं।*





बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी अपनी दिलकश अदाओं से फैंस का दिल जीतती आई हैं। अपनी बोल्ड और ग्लैमरस फोटोज शेयर कर वो सोशल मीडिया पर आग लगा देती हैं। सनी इस समय मालदीव में वेकेशन मना रही हैं। कभी गहरे नीले समंदर में बोटिंग कर रही हैं तो कभी ढेर सारी शार्क के बेहद करीब बैठी हुई हैं। वो इंस्टाग्राम पर एक से बढ़कर एक फोटोज शेयर कर रही हैं, जिनसे आपकी निगाहें नहीं हटेंगी।

सनी ने कुछ देर पहले जो फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की है, उसमें वो गहरे नीले समंदर में गोता लगा रही हैं। बिकीनी पहने सनी खुद किसी श्जलपरीश से कम नहीं लग रही हैं। उन्होंने फोटो कैप्शन में लिखा है कि उन्हें समंदर से बहुत लगाव है।

इससे पहले उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो विशालकाय समंदर के बीच बोटिंग इंजॉय कर रही हैं। सनी को शार्क के बीच भी बैठे देखा गया। ये वीडियो ड्रोन से शूट किया गया है। जहां कुएं जैसे पूल में ढेर सारी शार्क दिख रही हैं। वहीं उनके पास ही सनी बैठी हुई हैं।

इससे पहले सनी ने बिकीनी में अपनी बोल्ड फोटोज शेयर की थीं। वो नीले समंदर के किनारे पर लेटकर पोज दे रही हैं। उनके इस इंस्टाग्राम पोस्ट को 9 लाख से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है।